कार्यालय–जिलाधिकारी महोदय, लखनऊ।

पत्रांक C-850 /स0क0/न0 मुक्ति/2023-24 दिनांक 18 जून ,2024

1– समस्त, कुल सचिव/रजिस्ट्रार केन्द्रीय/राज्य/निजी विश्वविद्यालय जनपद लखनऊ। (नाम से)
2– समस्त प्रबन्धक/कुलसचिव /निदेशक/प्राचार्य/प्रधानाचार्य सम्बन्धित विद्यालय/इंजीनियरिंग कालेज पैरामेडिकल/पॉलीटेक्निक/महाविद्यालय/आई0टी0आई0 मान्यता प्राप्त प्रदाता संस्थाएँ जनपद लखनऊ ।
3– जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ। (नाम से)
4– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (नाम से)

विषय– **नशा विरोधी पखवाडा दिनांक 20 जून 2024 को विशेष जागरूकता सत्र एवं रिकार्ड ई प्रतिज्ञा के पंजीकरण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उप सचिव उत्तर प्रदेश शासन समाज कल्याण अनुभाग–1 के पत्र संख्या मु0 सं0 32/26-01-2024 /1720166 दिनांक 30.05.2024 एवं निदेशक समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ के पत्र सं0 सी–219 दिनांक 04 जून 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा नशा विरोधी पखवाडा दिनांक 20 जून 2024 को लाइव स्ट्रीमिंग के द्वारा एक घंटे का सत्र नशा विरोधी पखवाडा विशेष जागरूकता सत्र एवं रिकार्ड ई–प्रतिज्ञा के पंजीकरण के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये है।

अतः उक्त के सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने संस्थान में उक्त जागरूकता एवं संगोष्ठी का आयोजन तथा Mygov.in पोर्टल पर मादक पदार्थो के दुरूपयोग के खिलाफ ई–प्रतिज्ञा (लिंक https:pledge.mygov.in/fightagainstdrugabuse/) का व्यापक प्रचार करते हुए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, लखनऊ के आधिकारिक youtube चैनल NCB lucknow पर दिनांक 20 जून 2024 को एक घंटे का लाइव स्ट्रीमिंग के द्वारा सत्र कार्यक्रम में व्यापक स्तर पर संस्थान में अध्ययनरत छात्रो/युवाओ की भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

(सूर्य पाल गंगवार)
जिलाधिकारी,
लखनऊ।

पृष्ठांकन सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि:–निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ।
2. मुख्य विकास अधिकारी ,लखनऊ।
3. जिला समाज कल्याण अधिकारी, लखनऊ।

जिलाधिकारी,
लखनऊ।